# कार्यालय, प्राचार्य शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, कांकेर

शिव नगर कांकेर, जिला – उत्तर बस्तर कांकेर, (छत्तीसगढ़) पिन – 494334
ई–मेल आई.डी. – *kanker.bedcollege@gmail.com*

क्रमांक / 108 / शिक्षा / बी.एड. (विभागीय) / प्रवेश / 2022–23, कांकेर, दिनांक 18 / 07 / 2022

**:: प्रेस विज्ञप्ति ::**

**''बी.एड. (विभागीय) द्विवर्षीय पाठ्यक्रम सत्र 2022–24 में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की अनंतिम सूची जारी करते हुए दावा आपत्ति आमंत्रित''**

संचालक, एस.सी.ई.आर.टी. शंकर नगर, रायपुर के पत्र क्र./शिक्षक–शिक्षा/05–01/बी.एड. (विभागीय)/प्रवेश/2022–23/2013/कांकेर, दिनांक 27.05.2022 के द्वारा बी.एड. (विभागीय) द्विवर्षीय पाठ्यक्रम 2022–24 हेतु शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, कांकेर से सम्बद्ध जिलों के शासकीय स्कूलों में कार्यरत अप्रशिक्षित एवं डी.एल.एड. शिक्षक बी.एड. प्रशिक्षण के लिए **दिनांक 06.06.2022 से 25.06.2022 तक** SCERT के वेबसाइट में निर्धारित प्रारुप में आवेदन ऑनलाईन कर प्रिन्टआउट का डी.डी.ओ. से सत्यापन व संस्था प्रमुख से हार्डकापी में अग्रेषण पश्चात् आवश्यक दस्तावेजों को शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, कांकेर में **दिनांक 01.07.2022 तक** जमा किया जाना था ।

निर्धारित तिथि तक महाविद्यालय में कुल 275 आवेदन प्राप्त हुए आवेदन पत्र एवं दस्तावेजों का प्रथम चरण में परीक्षण कर चयन समिति की बैठक उपरांत अभ्यर्थियों की अनन्तिम चयन सूची शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, कांकेर (छ.ग.) के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है ।

जारी किये गये इस सूची में अगर किसी भी व्यक्ति को आपत्ति है तो **दिनांक 25.07.2022 तक कार्यालयीन समय में प्राचार्य, शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, कांकेर के नाम से आवेदन प्रस्तुत कर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं** । आपत्ति के निराकरण हेतु अभ्यर्थी को प्रमाणित दस्तावेज अपने आवेदन के साथ संलग्न करना होगा । निर्धारित अंतिम दिवस के पश्चात् प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर किसी भी प्रकार से सुनवाई नही की जावेगी ।

**संलग्न :– अनंतिम सूची 06 प्रति में ।**

18/07/22

**प्राचार्य**
**शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, कांकेर**
**जिला – उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

पृ.क्रमांक / 109 / शिक्षा / बी.एड. (विभागीय) / प्रवेश / 2022–23, कांकेर, दिनांक 18 / 07 / 2022

**प्रतिलिपि :–**

1. संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, शंकर नगर, रायपुर को सादर सूचनार्थ एवं कृपया विभागीय बी.एड. 2022 की अनन्तिम चयन सूची को आपके कार्यालय के वेबसाईट में प्रकाशन हेतु प्रेषित ।
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, सम्बद्ध जिला कांकेर/बस्तर/दंतेवाड़ा/सुकमा/बीजापुर/कोंडागांव/नारायणपुर को सूचनार्थ । कृपया अपने कार्यालय के सूचना पटल पर सूची चस्पा करते हुए विकासखण्ड स्तर व विद्यालय स्तर पर सूचना प्रसारित करने का कष्ट करेंगे ।
3. जनसम्पर्क अधिकारी, जिला जनसम्पर्क कार्यालय, उत्तर बस्तर कांकेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ । कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को समस्त दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करेंगे ।

18/07/22

**प्राचार्य**
**शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, कांकेर**
**जिला – उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**